# अंतरिम रेल बजट-2014-15 की विशेषताएं

**उपलब्धियां/पहल**

- कश्मीर की राष्ट्रीय परियोजना में अत्यधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि
- मेघालय राज्य और अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इस वित्त वर्ष तक रेलवे के मानचित्र में होगा.
- असम में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 510 कि.मी. रंगिया-मुरकांगसेलेक लाइन का आमान परिवर्तन इस वित वर्ष में पूरा हो जाएगा.
- नई लाइनें (2,207 कि.मी.), दोहरीकरण (2,758 कि.मी.) और विद्युतीकरण (4,556 कि.मी.), डीजल (1,288) एवं विद्युत (1,218) लोको का उत्पादन और डिब्बों (64,875) की खरीद 11वीं पंचवर्षीय योजना लक्ष्यों से अधिक.
- पूर्वी एवं पश्चिमी मार्गों पर समर्पित माल कोरिडोर - परिणाम रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षमता वृद्धि.
- रेलवे ने छठे वेतन आयोग के कार्यान्वयन के कारण रु. एक लाख करोड़ के अतिरिक्त भार को स्वयं के साधनों से पूरा किया.
- 2013-14 में 1532 कि.मी. नई लाइनें, दोहरीकरण और आमान परिवर्तन शुरू किया गया.
- नए कारखाने में उत्पादन शुरू - रेल चक्का संयंत्र, छपरा; रेल कोच कारखाना, रायबरेली; और डीजल पुर्जा कारखाना, दनकुनी.
- कश्मीर में रेल यात्रा के लिए प्रतिकूल मौसम स्थिति के लिए विशेष रूप से निरूपित डिब्बे.
- उच्चतर भुगतान-भार और 100 कि.मी. प्रति घंटा तक गति क्षमता के साथ क्षरण प्रतिरोध, हल्के डिब्बों का सफलतापूर्वक विकास.
- रेलवे के खिलाड़ियों ने 23 स्पर्धाओं में विजेता पदक जीतकर और 9 स्पर्धाओं में उपविजेता का खिताब जीतकर राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपना आधिपत्य जमाया.
- रेलवे ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कुल 2 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक जीता.
- 1992 में शुरू की गई एक आमान नीति द्वारा 19,214 कि.मी. को बड़ी लाइन में परिवर्तित किया गया, जिससे गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, असम और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों को लाभ पहुंचा.

**सुरक्षा और संरक्षा सुधार के लिए उपाय**

- मानवरहित कोई भी लेवेल क्रासिंग नहीं. कुल 5,400 - 2,310 पर मानव को नियुक्त करके और 3,090 को बंद करके/विलय करके/आर ओ बी या आर यू बी का निर्माण करके मानव रहित लेवेल क्रांसिंग को समाप्त किया गया.
- रेलगाड़ी की पहुंच के बारे में अग्रिम रूप से सड़क प्रयोक्ताओं को उन्नत श्रव्य-दृश्य चेतावनी.
- स्वदेशी रूप से विकसित रेलगाड़ी टक्कर बचाव प्रणाली की शुरूआत.

'दुर्घटना से संरक्षित' डिब्बों का निर्माण.

- पिछले पांच वर्षों में समूह ग श्रेणी में एक लाख से अधिक और पूर्ववर्ती समूह घ श्रेणी में 1.6 लाख रोज़गार की पेशकश.
- सभी लोकोमोटिवों में सतर्कता नियंत्रण उपकरण का प्रावधान.
- रेलगाड़ियों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न उपाय -
    - ➢ आग अवरोधक सामग्री
    - ➢ विद्युत सर्किटों के लिए बहु-टीयर सुरक्षा
    - ➢ डिब्बों में सुबाह्य अग्निशामक
    - ➢ रसोईयान में एलपीजी को बदलने के लिए इंडक्शन आधारित भोजन निर्माण
    - ➢ विस्फोटकों एवं ज्वलनशील सामग्रियों के विरुद्ध गहन जांच

**वित्तीय प्रदर्शन**

- विभिन्न परियोजनाओं के लिए कर्नाटक, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और हरियाणा के साथ लागत शेयरिंग व्यवस्था द्वारा रेल अवसंरचना पर सहमति.
- विभिन्न लोक-निजी भागीदारी (पी पी पी) परियोजनाएं पाइपलाइन में.
- विश्व-स्तरीय रेल अवसंरचना के सृजन के पोषण के लिए एफडीआई को समर्थ बनाया जा रहा है.
- रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने अब तक 937 करोड़ रु. अर्जित किया है.

**आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी प्रवर्तन**

- उच्च गति रेलगाड़ियां
    - ➢ मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर के लिए भारत और जापान द्वारा संयुक्त व्यवहार्यता अध्ययन को जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी द्वारा सह-वित्तपोषित किया जाएगा.
    - ➢ मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर के लिए एस एन सी एफ द्वारा व्यवसाय विकास अध्ययन.
- अर्द्ध-उच्च गति परियोजनाएं
    - ➢ चुनिंदा मार्गों पर 160-200 कि.मी. प्रति घंटा के निम्न लागत विकल्प का पता लगाना.

**हरित पहल**

- रेलवे ऊर्जा प्रबंधन कंपनी का शुभारंभ. नवीन एवं नवीकृत ऊर्जा मंत्रालय से 40 प्रतिशत राज सहायता के साथ पवन चक्की और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की गई.
- 200 स्टेशनों, 26 भवनों की छतों और 2,000 स्तर क्रासिंग फाटकों को कवर किया जाएगा.
- रेलवे ने सरकार द्वारा प्रदत्त 112 पुरस्कारों में से 22 पुरस्कार प्राप्त किये.
- महत्वपूर्ण स्टेशनों के निकट रेलपथ के साथ 'हरा-भरा क्षेत्र'; आगरा और जयपुर में पायलट कार्य.
- 2,500 रेल डिब्बों में जैव-पेशाबघर का कवरेज और इसे प्रगामी रूप से बढ़ाया जाएगा.

**यात्री अनुकूल पहल**

- टिकटों की ई-बुकिंग का अत्यधिक लोक प्रत्युत्तर.
- सही स्थान और रेलगाड़ी आवागमन की ऑनलाइन ट्रैंकिंग
- जनता भोजन के लिए 51 जन-आहार केंद्र; स्टेशनों पर 48 यात्री स्वचालित सीढ़ियां शुरू की गई और 61 और संस्थापित किए जा रहे हैं; जुलाई 2014 से मुंबई में वातानूलित इएमयू सेवाएं; स्टेशनों और आगमन समय के निर्देश के लिए महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों में सूचना प्रदर्शन प्रणाली.
- 'उन्नत' योजना को वातानुकूलित कुर्सीयान और एक्सिक्यूटिव कुर्सीयान यात्रियों तक विस्तार.

**रेल प्रशुल्क प्राधिकरण**

- किराये और मालभाड़े के निर्धारण, सभी पणधारियों को शामिल करने के लिए सलाह देने हेतु स्वतंत्र रेल प्रशुल्क प्राधिकरण की स्थापना.

**नई सेवाएं**

- नई रेलगाड़ियां
    - ➢ 17 प्रीमियम रेलगाड़ियां
    - ➢ 38 एक्सप्रेस रेलगाड़ियां
    - ➢ 10 यात्री रेलगाड़ियां
    - ➢ 4 एम इ एम यू
    - ➢ 3 डी इ एम यू
- विस्तार और बारंबारता बढ़ाना
- 3 रेलगाड़ियों का विस्तार
- 3 की बारंबारताओं में वृद्धि

**(स्रोतः पत्र सूचना कार्यालय)**